दिन– सोमवार | दिनांक– 22 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण, जी राम जी विधेयक को दी मंजूरी। कानून के तहत ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी।

02. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा–सरकारी जमीन की गलत तरीके से जमाबंदी के दोषी अधिकारियों और कर्मियों को बर्खास्त किया जायेगा। संपत्ति भी जब्त की जायेगी।

03. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा– राज्य में वामपंथी नक्सलवाद अब समाप्त हो चुका है।

04. और, मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश भागों में अगले तीन दिनों तक शीतलहर की चेतावनी जारी की। छह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राजगीर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के शीतकालीन सत्र में पारित विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण जी राम जी विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी है। इसके अंतर्गत प्रत्येक वित्तीय वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास ढांचा स्थापित करेगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक वित्त वर्ष में प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 125 दिनों की मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी। इस योजना में केन्द्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बंटवारे का अनुपात अधिकांश राज्यों के लिए साठ और चालीस प्रतिशत होगा। जबकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों में यह अनुपात 90 और 10 प्रतिशत होगा। इस योजना के अंतर्गत यदि किसी को समय पर काम नहीं दिया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान भी है। यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 का स्थान लेगा। अमन यादव के साथ आदर्श आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि सरकारी जमीन की दाखिल–खारिज में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को छोड़ा नही जायेगा। मुजफ्फरपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि दोषी कर्मियों बर्खास्त करने के साथ ही उनकी संपत्ति भी जब्त की जायेगी।

———बाइट———

श्री सिन्हा जनता दरबार के दौरान सरकारी जमीन के गलत तरीके से म्यूटेशन के मामलों की शिकायत के बाद अधिकारियों को सख्त चेतावनी भी दी है।

---

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा है कि राज्य में वामपंथी नक्सलवाद पूर्णतः समाप्त हो चुका है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री कुमार ने कहा कि अब राज्य में कोई भी जिला नक्सलवाद से ग्रस्त नही है।

———बाइट———

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि प्रदेश मे गंभीर अपराधों की संख्या में भी इस वर्ष बड़ी कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष हत्या समेत सभी गंभीर अपराधों में कमी आई है।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच शिष्टाचार मुलाकात के दौरान राज्य में विकास कार्यों को लेकर नई सरकार के रोडमैप पर चर्चा की गई। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केन्द्रीय मंत्री ललन सिंह भी मौजूद थे। श्री कुमार ने गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। राज्य में नई सरकार के गठन के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पहली बार दो दिवसीय दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे हैं।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात राज्य के विकास का मार्ग और प्रशस्त करेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच सात निश्चय योजना तीन पर चर्चा की गयी है।

———बाइट———

---

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर अत्याचार और उनके खिलाफ हिंसा की घटनाओं पर देशभर में आक्रोश है। विभिन्न राजनीतिक दलो ने इसपर चिंता जताते हुए कड़ी निंदा की है। भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि बांग्लादेश मे राजनीतिक अव्यवस्था के बीच हिन्दुओं के खिलाफ ऐसा अपराध अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इसका संज्ञान लेते हुए कार्रवाई कर रही है।

———बाइट———

इधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद तारीक अनवर ने भी बांग्लादेश मे हिन्दु समुदाय के लोगों के खिलाफ हमले की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कटिहार में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री अनवर ने कहा कि भारत सरकार को इस मामले में तुरंत बांग्लादेश सरकार से बात करनी चाहिए।

———बाइट———

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार की कड़ी निंदा की है। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि हर स्तर पर हिंसा का विरोध होना चाहिए।

———बाइट———

---

पूरा प्रदेश घने कोहरे और कड़ाके की ठंड की चपेट में है। अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान के बीच अंतर कम होने से ठंड और कनकनी का एहसास बढ़ गया है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकांश भागों में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पुर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, दक्षिण–पश्चिम और मध्य भागों में अनेक स्थानों पर कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी। इसे लेकर विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, सीतामढ़ी, शिवहर समेत राज्य के उत्तर–मध्य भागों में कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की सम्भावना है।

–––बाइट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नालंदा का राजगीर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। पटना आने–जानी वाली छह उड़ाने रद्द रही। वहीं, चालीस विमानों के परिचालन में देरी हुई। गया, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे पर भी कई विमानों के परिचालन में देरी हुई। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियों का परिचालन भी प्रभावित हुआ है।

---

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि एनडीए सरकार का पहला लक्ष्य राज्य के युवाओं को अधिक से अधिक नौकरी और रोजगार देना है। श्री जायसवाल ने कहा कि उनका विभाग नये उद्योग लगाकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा। इस दिशा में निवेश आमंत्रित करने के लिए विभिन्न कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है।

–––बाइट–––

———————————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का कल पटना आगमन हो रहा है। इस अवसर पर वीरचन्द पटेल पथ स्थित मिलर हाई स्कूल मैदान में उनका नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। श्री नबीन पटना हवाई अड्डे से वीरचन्द पटेल पथ तक रोड शो भी करेंगे। रोड शो को देखते हुए यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। कार्यक्रम में कई केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद, विधायक समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

———————————————————————————

सरकार ने सोशल मीडिया पर इंडिया पोस्ट के नाम से चल रहे फर्जी लकी ड्रॉ घोटाले के बारे में झूठे दावों का खंडन किया है। पत्र सूचना कार्यालय – पीआईबी फैक्ट चेक के अनुसार, यह घोटाला इंडिया पोस्ट ऑफिस के नाम का गलत इस्तेमाल करते हुए लोगों को मुफ्त उपहारों का लालच देकर उनकी निजी जानकारी हासिल करने के लिए प्रेरित कर रहा है। पी आई बी ने स्पष्ट किया है कि यह संदेश इंडिया पोस्ट से संबंधित नहीं है बल्कि यह एक घोटाला है। पी आई बी ने नागरिकों को सतर्क रहने और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने या अपनी निजी जानकारी साझा करने से बचने की सलाह दी है।

———————————————————————————

सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट ट्रॉफी में प्लेयर ऑफ द चैम्पियनशिप रहे समस्तीपुर के रहने वाले भारतीय क्रिकेटर अनुकूल रॉय को आज पटना के विद्युत भवन में सम्मानित किया गया। अनुकूल रॉय बिहार स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के प्रोटोकॉल ऑफिसर भी हैं। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने उन्हे शुभकामना देते हुए कहा कि वे अपने प्रदर्शन से बिहार और ऊर्जा परिवार का नाम रौशन करे।

———बाइट———

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के बरियारपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़वन चौक के पास अपराधियों ने दिनदहाड़े एक सीएसपी संचालक से सवा दो लाख रूपये लूट लिए। पुलिस ने बताया कि तीन मोटरसाइकिल सवार अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

केन्द्रीय वस्त्र मंत्रालय के हस्तशिल्प विभाग और बिहार संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में आज से पटना के गांधी मैदान में शिल्प मेला की शुरूआत हो गयी है।

---

राष्ट्रीय महिला आयोग ने युवा शोध फेलोशिप कार्यक्रम–शक्ति फैलोशिप की शुरुआत की है। इसमें भारत में महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर शोध के लिए युवा छात्रों और शोधकर्ताओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

इस फैलोशिप का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा, लिंग आधारित हिंसा, कानूनी अधिकार और न्याय, साइबर सुरक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, आर्थिक सशक्तिकरण और श्रम भागीदारी जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर व्यापक शोध को प्रोत्साहित करना है। किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से स्नातक की उपाधि प्राप्त किए हुए 21 से 30 वर्ष के नागरिक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आयोग ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को छह महीने के शोध अध्ययन के लिए एक लाख रुपये का शोध अनुदान दिया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से जागृति शर्मा।

---

सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में तेईसवें अंतर्राष्ट्रीय मैथिली सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्‌घाटना भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी किया।

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण, जी राम जी विधेयक को दी मंजूरी। कानून के तहत ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी।

02. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा–सरकारी जमीन की गलत तरीके से जमाबंदी के दोषी अधिकारियों और कर्मियों को बर्खास्त किया जायेगा। संपत्ति भी जब्त की जायेगी।

03. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा– राज्य में वामपंथी नक्सलवाद अब समाप्त हो चुका है।

04. और, मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकांश भागों में अगले तीन दिनों तक शीतलहर की चेतावनी जारी की। छह दशमलव छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ राजगीर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

समाप्त